>

Title: Alleged fake encounters on minorities by Gujarat Police.

श्री रामजीलाल सुमन (फ़िरोज़ाबाद) : महोदय, मैं आपके माध्यम से एक बहुत ही गंभीर विषय इस सदन में उठाना चाहता हूं जिसकी चर्चा आज पूरे देश में है। गुजरात प्रान्त के अहमदाबाद शहर में 26 नवंबर, 2005 को मध्य प्रदेश के रहने वाले सोहराबुद्दीन शेख को यह कहकर मार डाला गया कि वह आतंकी है और उसके सम्बन्ध लश्करे तैयबा से हैं।...(व्यवधान)

श्री हरिन पाठक (अहमदाबाद) : महोदय, यह पूरा मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है।...(व्यवधान)

श्री रामजीलाल सुमन : महोदय, कहा यह गया कि वह गुजरात के मुख्यमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की हत्या की साजिश कर रहा था।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: If he speaks on matters which are beyond the authority of the Central Government, I shall not permit it. Let it be very clear.

...(*Interruptions*)

श्री रामजीलाल सुमन : महोदय, मैं यह निवेदन कर रहा हूँ कि एक आदमी जिसका कोई आतंकी बैकग्राउण्ड नहीं है।...(व्यवधान)

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : आतंकी बैकग्राउण्ड है। ...(व्यवधान)

श्री रामजीलाल सुमन : क्या यह आपके कहने से हो जाएगा? गुजरात पुलिस की जांच रिपोर्ट से यह स्पष्ट है कि वह आतंकी नहीं था।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Please allow him to speak; he has a right to speak.

...(*Interruptions*)

श्री रामजीलाल सुमन : महोदय, यह कोई अकेली घटना नहीं है, गुजरात में इस तरह की 21 घटनाएं हुई हैं। वहां के जो डीआईजी इसके लिए जिम्मेदार है, जो तीन अधिकारी इसके लिए निलंबित किए गए हैं, उनमें से एक आदमी ने इस प्रकार के 10 से ज्यादा मर्डर किए हैं।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: He is a Central Government official.

...(*Interruptions*)

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : महोदय, यह मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Just a minute. Is this matter pending before the Supreme Court?

...(*Interruptions*)

श्री रतिलाल कालीदास वर्मा (धन्धुका) : नन्दीग्राम में क्या हुआ उसके बारे में भी बताइए। नन्दीग्राम में कितने लोगों को मार दिया गया, उसके बारे में भी कुछ बोलिए।

मोहम्मद सलीम (कलकत्ता - उत्तर पूर्व) : तीन अधिकारी जेल में हैं, गुजरात के होम मिनिस्टर को भी जेल में जाना चाहिए।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Md. Salim, please sit down.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Let us not make every issue controversial and confrontational. He is raising an issue regarding some officer.

...(*Interruptions*)

श्री रामजीलाल सुमन : महोदय, मैं केवल विनम्र निवेदन करना चाहता हूँ और मैं ऐसा कुछ भी नहीं कहूंगा जो माननीय उच्चतम न्यायालय की प्रतिष्ठा और गरिमा के प्रतिकूल हो।[R11]

अध्यक्ष महोदय,[R12] गम्भीर मामला यह है कि एक व्यक्ति जिसे आतंकी बताया गया, बाद में गुजरात पुलिस ने जांच करके कहा कि वह शख्स आतंकी नहीं था।...(व्यवधान) वहां के गृह राज्य मंत्री भी इस षडयंत्र में शामिल हैं इसलिए मामला बहुत गम्भीर है।...(व्यवधान) अध्यक्ष महोदय, ये लोग मुझे अपनी बात कहने से रोकना चाह रहे हैं...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय: आप बोलिए। Your matter is being recorded.

...(*Interruptions*)

श्री रामजीलाल सुमन : इस घटना की सीबीआई से जांच कराई जाए।...(व्यवधान)

मोहम्मद सलीम : इस पूरी घटना की सीबीआई से जांच कराई जाए तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा|…(व्यवधान)

MR. SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 1350 hours.

12.51 hrs.

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till fifty minutes

past Thirteen of the Clock.[R13]